जागरण

# Agra News: जूता फैक्ट्री में बना रहे थे बिरकेनस्टाक्स के नकली सैंडल, फैक्ट्री सील!



**जागरण संवाददाता, आगरा।** जूता फैक्ट्रियों में विदेशी ब्रांड की नकली जूते-सैंडल बनाए जाने का मामला सामने आया है। जर्मनी की नामचीन कंपनी बिरकेनस्टाक्स के सैंडल बेनामी फैक्ट्री में बनाए जा रहे थे। दिल्ली हाई कोर्ट द्वारा नियुक्त अधिवक्ताओं के समूह ने पिछले दिनों नालबंद चौराहे के निकट एक जूता फैक्ट्री पर छापा मारा। कंपनी की हूबहू नकल कर बनाए जा रहे नकली सैंडल बरामद हुए। इसे बाद फैक्ट्री को सील करा दिया गया।

पिछले वर्षों में वुडलैंड कंपनी के नकली जूते बनाने का मामला पकड़ा गया था। कारोबारी सूत्रों के साथ पुलिस के साथ पहुंचे अधिवक्ताओं के दल ने जूता फैक्ट्री पर छापा मारा था। स्टाक की जांच की गई तो बड़ी मात्रा में बिरकेनस्टाक्स कंपनी की सैंडल रखी हुई थी।

Source: https://www.jagran.com/uttar-pradesh/agra-city-fake-birkenstocks-sandals-busted-in-agra-shoe-factory-raid-23979186.html